हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 20 जुलाई 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 26.2 डिग्री
न्यूनतम 22.2 डिग्री

4
रात होते ही बस्तियों में घुस रहे हाथी, फसल-मकानों पर कहर




## 10वीं-12वीं पास विद्यार्थी ध्यान दें- औद्योगिक सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें...

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं

इच्छुक छात्र- छात्राएं आवेदन करें
फायर सेफ्टी के कोर्स
1. एक वर्ष फायर सेफ्टी
2. एक वर्षीय इंडस्ट्रियल सेफ्टी
3. बी.एस.सी. फायर सेफ्टी
4. सेनेटरी हेल्थ इंस्पेक्टर
5. (ADIS) एडवांस्ड डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी
6. (PDIS) पोस्ट डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी
7. सर्टिफिकेट कोर्स फायर एवं सेफ्टी



विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

**पता: फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**
**संपर्क करें: मो. 7697212782**
Advt.


## खबर संक्षेप

### दिव्यांग हितग्राही की 12 दिनों के अंदर शुरू हुई पेंशन

**जशपुरनगर।** पत्थलगांव विकासखंड के ग्राम पंडरीपानी निवासी प्रमनाथ मिर्रे पेंशन शुरू कराने के लिए लगातार प्रयासों के बावजूद उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा था। आखिरकार उनके पुत्र प्रताप मिर्रे ने 20 जून को मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत दर्ज होने के बाद संबंधित विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई शुरू की। परिणामस्वरूप महज 12 दिनों के भीतर उनकी शिकायत का निराकरण कर दिया गया और प्रमनाथ मिर्रे को दिव्यांग पेंशन का लाभ मिलना शुरू हो गया। प्रमनाथ मिर्रे और उनके परिवार ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो कार्य अनेक प्रयास से नहीं हो पा रहा था वह सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से कुछ ही दिनों में पूरा हो गया।

### किसानों को किया जा रहा प्रोत्साहित

**जशपुरनगर।** जिले में मृदा स्वास्थ्य सुधार, भूमि की उर्वराशक्ति बनाए रखने और मिट्टी में जैविक कार्बन की मात्रा बढ़ाने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा लगातार विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। किसानों को हरी खाद, जैविक खाद और मृदा परीक्षण आधारित संतुलित उर्वरक उपयोग के लिए नियमित रूप से प्रोत्साहित एवं जागरूक किया जा रहा है। उप संचालक कृषि जशपुर ने बताया कि कृषि विभाग द्वारा मृदा स्वास्थ्य सुधार के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। कृषि विभाग द्वारा किसानों को हरी खाद के रूप में ढैंचा, सनई सहित अन्य उपयुक्त फसलों के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। हरी खाद के उपयोग से मिट्टी में जैविक पदार्थों और जैविक कार्बन की मात्रा बढ़ाने में सहायता मिलती है। इसके साथ ही भूमि की संरचना एवं उर्वराशक्ति में सुधार होता है और लंबे समय में रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करने में भी मदद मिलती है। वर्तमान में राज्य शासन द्वारा संचालित हरी खाद कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को हरी खाद अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

### मामूली विवाद पर बेटे ने की पिता की हत्या

**जशपुरनगर।** मामूली विवाद में बेटे ने पिता की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार 16 जुलाई को अजय कुमार नाग उम्र 30 वर्ष ने थाना नारायणपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वे तीन भाई हैं। उनका एक भाई बाहर राज्य में काम करता है। गांव में वह पत्नी बच्चों व अपने मां बाप के साथ रहता है। उनके साथ उसका बड़ा भाई पूना राम नाग भी रहता है, जिसकी शादी नहीं हुई है। 16 जुलाई को वह पत्नी व बच्चों के साथ खेती का काम करने खेत गया था। घर में उसकी मां व पिता थे। शाम करीब 4 बजे प्रार्थी के बड़े पिताजी के बेटे ने उसे आकर बताया कि पिता बंधु नाग उम्र 52 वर्ष को भाई पूना राम ने लकड़ी की फाड़ी से मारकर हत्या कर दी है। खबर पाकर वह अपनी पत्नी व बच्चों के साथ घर आकर देखा, तो पाया घर के आंगन में उनके पिता मृत अवस्था में पड़ा हुआ था। सिके सिर से खून निकल रहा था। मां से पूछने पर उसने बताया कि उसका बड़ा भाई आरोपी पूना राम शराब के नशे में घर आया था व अपने पिताजी से लड़ाई कर, आंगन में पड़ी लकड़ी की फाड़ी से सिर में हमला कर उसकी हत्या कर दी।

## पुलिस, अभियोजन एवं शासकीय अधिवक्ताओं की संयुक्त समन्वय बैठक

# नवीन आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जिला एवं सत्र न्यायाधीश जनार्दन खरे एवं डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. लाल उमेद सिंह की उपस्थिति में पुलिस, अभियोजन एवं शासकीय अधिवक्ताओं की संयुक्त समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के राजपत्रित पुलिस अधिकारी, अभियोजन अधिकारी, थाना प्रभारी, विवेचक एवं शासकीय अधिवक्ताओं ने भाग लिया।

■ की गई ट्रायल प्रक्रिया, लंबित प्रकरणों की समीक्षा

बैठक को संबोधित करते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश जनार्दन खरे ने कहा कि नवीन आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पुलिस, अभियोजन एवं न्यायपालिका के मध्य बेहतर समन्वय अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण विवेचना, वैज्ञानिक साक्ष्य संकलन, प्रभावी अभियोजन तथा न्यायालय में सशक्त पैरवी ही दोषसिद्धि दर बढ़ाने का सबसे महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने अधिकारियों से प्रत्येक प्रकरण में विधिक प्रावधानों का गंभीरता से पालन करने, समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने तथा पीड़ितों को त्वरित एवं प्रभावी न्याय दिलाने के लिए समन्वित रूप से कार्य करने का आह्वान किया। डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. लाल उमेद सिंह ने अधिकारियों को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के अंतर्गत ट्रायल (विचारण) की विभिन्न प्रक्रियाओं सत्र ट्रायल, वारंट ट्रायल, समन ट्रायल एवं संक्षिप्त ट्रायल की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नवीन कानूनों का उद्देश्य केवल अपराधियों को दंडित करना नहीं, बल्कि पीड़ितों को समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी न्याय उपलब्ध कराना है। उन्होंने विवेचना एवं अभियोजन में तकनीक के अधिकतम उपयोग, इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों, वीडियो कांफ्रेसिंग, वैज्ञानिक साक्ष्य संकलन तथा समयबद्ध न्यायिक प्रक्रिया पर विशेष बल दिया। बैठक के दौरान अभियोजन कार्यों की समीक्षा करते हुए डीआईजी एवं एसएसपी डा. लाल उमेद सिंह ने निर्देशित किया कि सरगुजा संभाग की दोषमुक्ति समीक्षा के लिए प्रत्येक माह की 7 तारीख तक जिले के समस्त दोषमुक्ति प्रकरण उपसंचालक अभियोजन कार्यालय को अनिवार्य रूप से प्रेषित किए जाएं, ताकि निर्धारित समय-सीमा में उनकी समीक्षा कर संभाग स्तरीय समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जा सके।



### प्रकरणों का हो त्वरित निराकरण

बैठक में धारा 346 बीएनएसएस के अंतर्गत दो से अधिक स्थगन होने पर न्यायालय में लिखित आपत्ति प्रस्तुत करने, धारा 356 बीएनएसएस के अंतर्गत फरारी में विचारण के मामलों में समय पर आवेदन प्रस्तुत करने, वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कराए गए गवाहियों का पृथक अभिलेख संधारित करने तथा उसकी मासिक जानकारी उपसंचालक अभियोजन कार्यालय को भेजने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही जिन प्रकरणों में एफएसएल एवं डीएनए रिपोर्ट अभी तक प्राप्त नहीं हुई हैं, उनमें संबंधित प्रयोगशालाओं से नियमित पत्राचार कर रिपोर्ट शीघ्र प्राप्त करने एवं लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### दिए गए कई निर्देश

डीआईजी ने विवेचकों को जब्ती कार्रवाई की वीडियोग्राफी को न्यायालय में प्रदर्शित कराने, उसका विवरण डिपोजिशन शीट में अंकित कराने तथा धारा 63 बीएनएसएस के अंतर्गत आवश्यक प्रमाण-पत्र को प्रदर्शांकित कराने के निर्देश दिए। साथ ही जिन प्रकरणों में धारा 164 सीआरपीसी/धारा 183 बीएनएसएस के अंतर्गत कथन दर्ज हैं और बाद में पीड़िता पक्षद्रोही हो जाती है, उनमें धारा 344 सीआरपीसी/धारा 383 बीएनएसएस के अंतर्गत आवश्यक आवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

### गुणवत्तापूर्ण विवेचना पर जोर

बैठक के अंत में डीआईजी एवं एसएसपी डा. लाल उमेद सिंह ने कहा कि नवीन आपराधिक कानूनों का समुचित अध्ययन, गुणवत्तापूर्ण विवेचना, प्रभावी अभियोजन तथा पुलिस, अभियोजन एवं न्यायपालिका के मध्य सतत समन्वय से ही न्यायालयों में दोषसिद्धि दर में वृद्धि संभव है। उन्होंने सभी अधिकारियों से प्रत्येक प्रकरण में विधिक प्रावधानों का समयबद्ध एवं प्रभावी पालन सुनिश्चित करने का आह्वान किया, ताकि पीड़ितों को शीघ्र न्याय मिल सके तथा न्याय व्यवस्था में आमजन का विश्वास और अधिक सुदृढ़ हो।

### इनकी रही उपस्थिति

उक्त समन्वय बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार पाटनवार, एसडीओपी चंद्रशेखर परमा, एसडीओपी कुनकुरी विनोद मंडावी, एसडीओपी बगीचा दिलीप कोसले, डीएसपी भावेष समरथ, डीएसपी आशा तिर्की, डीपीओ विपिन कुमार, एडीपीओ आरती कटकवार, एडीपीओ राहुल गुप्ता, मेरी रोजालिया कुजूर, शासकीय अभिभाषक चंद्रमोहन प्रसाद सिंह, एजीपी अजय कुमार सिन्हा, सुरेन्द्र कुमार कच्छप, राजेन्द्र प्रसाद होता, भरत यादव, पुष्पा सिंह एवं थाने के विवेचक आदि उपस्थित रहे।

## दबंगों ने खेत की खड़ी फसल को ट्रैक्टर से रौंदा, जुर्म दर्ज



युवक के साथ मारपीट करते आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुर/पत्थलगांव

खेत में काम कर रहे परिवार के साथ मारपीट कर खड़ी फसल को ट्रैक्टर से रौंदने के मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार प्रार्थी संजय बड़ा एवं उनका परिवार ग्राम टुकूपखना स्थित अपनी पैतृक भूमि पर धान की खेती कर जीवन-यापन करता है। 17 जुलाई को सुबह लगभग 10 बजे आरोपियों ने एक राय होकर कुदाल, लाठी एवं अन्य हथियारों से लैस होकर खेत में जबरन प्रवेश किया तथा जाति सूचक गाली-गलौज करते हुए प्रार्थी परिवार को खेत से बाहर खदेड़ दिया। आरोपियों ने दो ट्रैक्टरों से खेत में खड़ी धान की फसल को रौंदकर नष्ट कर दिया तथा भूमि पर अवैध कब्जा करने का प्रयास किया। विरोध करने पर प्रार्थी की माता के साथ मारपीट कर उन्हें धक्का देकर गिराया गया। उल्लेख है कि बीच-बचाव करने पहुंची प्रार्थी की बहन को धमकी देते हुए आरोपियों ने जबरन घसीटने का प्रयास किया। प्रार्थी द्वारा विरोध करने पर आरोपियों ने जाति सूचक अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। प्रार्थी की शिकायत पर अजाक थाना जशपुर में आरोपियों भगवानों यादव, प्रेमचंद, नरेन्द्र यादव, पदमन, दिलबंधु, जगबंधु, नवीन यादव, बिछी यादव, दसई यादव एवं गरीब साय (सरपंच) के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धाराएं 189, 191, 329, 324, 115, 74, 351 (2), 351 (3) तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की धाराएं 3 (1) (f), 3 (1) (w) (i), 3 (1) (द), 3 (1) (घ) के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दिया गया है।

■ जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करने का किया प्रयास

## इला में निकली रथयात्रा, श्रद्धालुओं ने किए महाप्रभु के दर्शन



**पत्थलगांव।** ग्राम इला में आस्था, श्रद्धा और सनातन संस्कृति का महापर्व भगवान श्री जगन्नाथ रथयात्रा धार्मिक उत्साह और भव्यता के साथ निकाली गई। भगवान जगन्नाथ को आकर्षक रथ में विराजित कर गांव में भ्रमण कराया गया। रथयात्रा की शुरुआत राधाकृष्णन मंदिर से पारंपरिक वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद हुई, उसके बाद भगवान को रथ पर विराजित किया गया। श्रद्धालु "जय जगन्नाथ" के गगनभेदी जयघोष लगाते रहे और गांव मे भ्रमण के लिए निकले। इस धार्मिक आयोजन की खास बात यह है कि गांववासी कई दशकों से इस रथयात्रा की परंपरा से जुड़े हुए हैं। रथयात्रा के दौरान गांव की गलियां भक्ति के रंग में सराबोर थी। भक्त मंगल गीत गा रहे थे। बच्चे उत्साह से झूम रहे थे और श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। रविवार को दोपहर से भारी बारिश के बावजूद रथ यात्रा में भीड़ दिखी।

# बिल कम नहीं हुए तो बिजली दफ्तरों का होगा घेराव: मिंज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ में बढ़ते बिजली बिलों और जिले में कथित रूप से जबरन स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जाने के जनविरोधी मुद्दे पर जिला कांग्रेस कमेटी ने भाजपा सरकार और छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के खिलाफ आर-पार की जंग का ऐलान कर दिया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक यूडी मिंज ने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि बिजली विभाग जनता पर जानबूझकर भारी आर्थिक बोझ डाल रहा है और डरा-धमकाकर स्मार्ट प्रीपेड मीटर थोपने की कोशिशें की जा रही हैं।



श्री मिंज ने कहा कि ऊर्जा सरप्लस राज्य होने के बावजूद जशपुर का गरीब, मध्यमवर्गीय और विशेषकर आदिवासी परिवार आज आसमान छूते बिजली बिलों की मार झेल रहा है। आम जनता को भारी-भरकम और विसंगतिपूर्ण बिल थमाए जा रहे हैं, जिससे जनता गहरे आर्थिक संकट में आ गई है। बिजली विभाग की इस तानाशाही को पूरी तरह से गैर-कानूनी बताते हुए विद्युत अधिनियम, 2003 की धाराओं का हवाला दिया और उपभोक्ताओं के अधिकारों को सामने रखा।विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 55 का उल्लंघन मानते हुए कहा कि धारा 55 स्पष्ट रूप से कहती है कि बिजली की आपूर्ति केवल एक सही और अधिकृत मीटर के माध्यम से की जाएगी। लेकिन यह धारा कहीं भी उपभोक्ता पर उसकी सहमति के बिना ₹जबरन₹ प्रीपेड या स्मार्ट मीटर थोपने का अधिकार विभाग को नहीं देती। विद्युत आपूर्ति संहिता और केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के नियमों के तहत, मीटर बदलना या अपग्रेड करना एक प्रक्रिया है, न कि जनता को डराने या जबरन कनेक्शन काटने का कोई हथियार। पूर्व विधायक यूडी मिंज ने चेतावनी देते हुए कहा, ₹यदि बिजली विभाग ने तुरंत अपनी कार्यशैली में सुधार नहीं किया, बढ़ते बिजली बिलों की विसंगतियों को दूर नहीं किया और स्मार्ट मीटर के नाम पर गरीबों- आदिवासियों को डराना बंद नहीं किया, तो कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी। जिला कांग्रेस पूरे जशपुर जिले में बिजली दफ्तरों का उग्र घेराव करेगी, सड़कों पर चक्काजाम करेगी और जरूरत पड़ने पर इस तानाशाही के खिलाफ न्यायालय में कानूनी लड़ाई भी लड़ेगी।

## लुड़ेग तमता मंडल की बैठक में महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा



**पत्थलगांव।** लुड़ेग तमता मंडल की मासिक कामकाजी बैठक शनिवार को ग्राम लुड़ेग में आहूत की गई। बैठक में जिला संगठन प्रभारी अमर सुल्तानिया पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता, जिला पंचायत के अध्यक्ष सालिक साय ,जिला महामंत्री मनीष अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष आनंद शर्मा, जिला मंत्री आलोक सारथी ,मंडल प्रभारी हरजीत सिंह भाटिया, बागबाहर मंडल के प्रभारी संजू लोहिया ,सरपंच संघ के अध्यक्ष रोशन प्रताप सिंह मंडल अध्यक्ष विशाल अग्रवाल महामंत्री लक्ष्मी नारायण एवं विनोद यादव, उपाध्यक्ष सुरेश यादव, रवि यादब सहित लुड़ेग तमता मंडल के सभी मोर्चा के पदाधिकारी शक्ति केंद्र के संयोजक सहसंयोजक और प्रभारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### दोकड़ा में पांच दिवसीय जगन्नाथ कथा का दूसरा दिन

# कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन सुन भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

श्री जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव दोकड़ा में आयोजित पांच दिवसीय श्री जगन्नाथ कथा का द्वितीय दिवस शनिवार को श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कथा वाचक एवं छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध कीर्तन गायक कामता प्रसाद शरण ने भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य अवतार, जन्मोत्सव तथा उनकी बाल एवं अलौकिक लीलाओं का अत्यंत भावपूर्ण एवं संगीतमय वर्णन किया।

कथा का रसपान कर उपस्थित हजारों श्रद्धालु भक्ति भाव में सराबोर हो गए। कथा के दौरान कामता प्रसाद शरण ने बताया कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ता है और धर्म संकट में पड़ता है, तब भगवान स्वयं अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं।



भगवान श्रीकृष्ण का जन्म भी अत्याचार और अन्याय के अंत के लिए हुआ। उन्होंने कंस के अत्याचार, माता देवकी और वसुदेव की कारागार में पीड़ा तथा भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य प्राकट्य का मार्मिक वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं।कथावाचक ने वसुदेव द्वारा नवजात श्रीकृष्ण को यमुना नदी पार कर गोकुल पहुंचाने, माता यशोदा की गोद में पालन-पोषण, माखन चोरी, गोप-बालकों के साथ बाल लीलाएं, पूतना वध, कालिय नाग दमन तथा गोवर्धन धारण जैसी अनेक दिव्य लीलाओं का सजीव वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की प्रत्येक लीला मानव जीवन को प्रेम, करुणा, धर्म, सत्य और लोककल्याण का संदेश देती है। पांच दिवसीय जगन्नाथ कथा जगन्नाथ मंदिर दोकड़ा के गजपति महाराज एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उनकी धर्मपत्नी कौशल्या साय के विशेष सानिध्य में आयोजित की जा रही है। प्रतिदिन दोपहर 3:30 से शाम 7:30 बजे तक कथा एवं संगीतमय भजन-कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें दूर-दूर से श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं।श्री जगन्नाथ मंदिर समिति ने बताया कि आगामी दिनों में भी कथा के साथ भजन-कीर्तन, महाआरती एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। श्री जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव के चलते पूरे दोकड़ा क्षेत्र में श्रद्धा, भक्ति और उत्सव का वातावरण बना हुआ है।

### श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे

कथा के दौरान संगीतमय भजनों और मधुर कीर्तन से पूरा कथा पंडाल भक्तिमय वातावरण में गूंज उठा। श्रद्धालु जय श्रीकृष्ण और जय जगन्नाथ के जयघोष के साथ भक्ति रस में डूबे रहे। कथा के अंत में श्रद्धालुओं ने भगवान श्री जगन्नाथ एवं श्रीकृष्ण के चरणों में सुख, शांति, समृद्धि और विश्व कल्याण की प्रार्थना की।

## खेत जुताई के दौरान ट्रैक्टर से दबकर दो की मौत

**जशपुरनगर।** जिले के सन्ना थाना क्षेत्र अंतर्गत कोदोपारा गांव में रविवार को खेत की जुताई के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया। जुताई कर रहा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे उसके नीचे दबने से दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।

मृतकों की पहचान ट्रैक्टर चालक उदय राम और ट्रैक्टर मालिक बरतु राम के रूप में हुई है। हादसा इतना भीषण था कि दोनों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही सन्ना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लेते हुए जांच शुरू कर दी। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, खेत की जुताई के दौरान ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे यह हादसा हुआ। इस घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



■ ट्रैक्टर अनियंत्रित हो पलटा



# ‘द इंडिया स्टोरी’ 24 को सिनेमाघरों में देगी दस्तक

**मुंबई**। काजल अग्रवाल और श्रेयस तलपड़े की फिल्म ‘द इंडिया स्टोरी’ काफी समय से चर्चा में हैं। पिछले महीने निर्माताओं ने इसका टीजर और पोस्टर जारी किए थे, जिसने रोजमर्रा की जिंदगी को प्रभावित करने वाले विषय को जनता के सामने लाने का संकेत दिया था। जी स्टूडियोज और एमआईजी प्रोडक्शन एंड स्टूडियोज द्वारा निर्मित फिल्म का निर्देशन चेट्टन डीके ने किया है। फिल्म में काजल वकील के किरदार में हैं, जबकि श्रेयस एक लाचार पिता के रूप में बेटी के लिए न्याय की लड़ाई लड़ रहा है। फिल्म 24 जुलाई को हिंदी, तेलुगु और तमिल में दुनियाभर के सिनेमाघरों में दस्तक देगी।



## लाइफ Style

# प्रकृति

## दो साल में ही टूटा रिश्ता

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अगस्त 2024 में प्रकृति घर छोड़कर चली गईं, जिसके बाद दोनों ने अपने रिश्ते को सौहार्दपूर्ण तरीके से खत्म किया। काम के मोर्चे पर उन्हें कुछ मुश्किलों का सामना करना पड़ा। मार्च में उनका शो ‘शहजादी है तू दिल की’ कम टीआरपी के कारण बंद हो गया था।

‘सैयाराब’ सीरियल से मशहूर हुईं अभिनेत्री प्रकृति नौटियाल अपनी 2 साल पुरानी शादी को खत्म करने जा रही हैं। यह जोड़ा, जिसने 6 महीने के छोटे से रोमांस के बाद साल 2024 के वेलेंटाइन डे पर शादी की थी, अब अलग होने का फैसला कर चुका है। उनके बीच कुछ भी ठीक नहीं चल रहा था। उन्होंने आपसी सहमति से तलाक के लिए अर्जी दाखिल कर दी है और अब उनकी अगली कोर्ट की तारीख नवंबर में तय है।

***प्रकृति ने अगस्त 2024 में छोड़ा था घर :*** अगस्त 2024 में प्रकृति घर छोड़कर चली गईं, जिसके बाद दोनों ने अपने रिश्ते को सौहार्दपूर्ण तरीके से खत्म किया। काम के मोर्चे पर उन्हें कुछ मुश्किलों का सामना करना पड़ा। मार्च में उनका शो ‘शहजादी है तू दिल की’ कम टीआरपी के कारण बंद हो गया था।

उन्होंने बताया था कि उन्हें महसूस हुआ कि मूल कहानी से बंधे रहना उन्हें सीमित कर रहा था। शो का अचानक बंद होना उन्हें बहुत दुखी कर गया था।’ उन्होंने कहा था, ‘यह वाकई निराशाजनक और दिल तोड़ने वाला था।’

## हॉलीवुड मसाला



# द ओडिसी... का रिकॉर्ड तोड़ने को तैयार

**लॉस एंजिल्स**। क्रिस्टोफर नोलेन की नई फिल्म ‘द ओडिसी’ 17 जुलाई को भारत के सिनेमाघरों में दस्तक दे चुकी है और इसकी एडवांस बुकिंग में भी जबरदस्त हलचल देखी जा रही है। फिल्म के टिकट 150 रुपये से शुरू होकर प्रीमियम सीटों के लिए 3,400 रुपये तक जा रहे हैं। दर्शकों में फिल्म को लेकर कितनी दीवानगी है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है। होमर की क्लासिक कहानी से प्रेरित इस महाकाव्य एडवेंचर में मैट डैमन मुख्य भूमिका में हैं। जानकारों का मानना है कि यह फिल्म क्रिस्टोफर की पिछली ब्लॉकबस्टर ‘ओपेनहाइमर’ से भी बड़ी ब्लाकबस्टर फिल्म साबित होगी।



# गोलम की कास्टिंग पर एंडी सरकिज का दो टूक जवाब

**लॉस एंजिल्स**। ‘द हंट फॉर गोलम’ में मुख्य भूमिका निभा रहे एंडी सरकिज ने फिल्म की पूरी तरह से श्वेत कास्ट को लेकर हो रहे विरोध पर अपनी बात रखी है। उन्होंने बताया कि कास्टिंग टॉल्किन के मूल विजन के मुताबिक की गई है, जो नॉर्डिक पौराणिक कथाओं से प्रेरित है। एंडी ने कहा, ‘द शायर एक ऐसा इलाका है, जो पूरी तरह से श्वेत दिखता है। उन्हें शायर की सीमाओं से बाहर क्या हो रहा है, इसकी खास परवाह नहीं होती, लेकिन वे किसी भी बाहरी व्यक्ति को अंदर नहीं आने देना चाहते।’ हालांकि, उन्होंने यह भी साफ किया कि जहां जरूरी होगा, वहां इस मुद्दे पर जरूर ध्यान दिया जाएगा। ‘द हंट फॉर गोलम’ बिल्बो के जन्मदिन और फ्रोडो के शायर छोड़ने के बीच के 17 साल के अंतराल को दिखाती है।



# इस फिल्म से कहलाई थी एक्शन की रानी

**मुंबई**। अभिनेत्री कैटरीना कैफ 16 जुलाई, 2026 को 43 साल की हो गई हैं। फिलहाल वह बीते कुछ साल से सिनेमा से दूर चल रही हैं और अपना पूरा समय पति विक्की कौशल व बेटे विहान कौशल को दे रही हैं, लेकिन फैंस उनकी वापसी की राह तक रहे हैं। इस बीच, हम आपको कैटरीना की उस फिल्म के बारे में बताएंगे जिसने बॉक्स ऑफिस पर तबाही लाकर रख दी। लोगों ने अभिनेत्री को ‘एक्शन की रानी’ कहना शुरू कर दिया। यहां जिस फिल्म की बात हो रही है, उसका नाम ‘टाइगर जिंदा है’ (2017) है। यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स के बैनर तले बनी इस फिल्म में सलमान खान मुख्य किरदार में नजर आए थे। यह ‘टाइगर’ फ्रैंचाइजी की दूसरी कड़ी है, जिसमें कैटरीना ने अपने किरदार ‘जोया’ (पाकिस्तानी आईएसआई एजेंट) के रूप में दमदार वापसी की थी।



# सनी अपने बेटे राजवीर को बनाएंगे एक्शन हीरो

**मुंबई**। सनी देओल आगामी फिल्म ‘बटवारा 1947’ को लेकर चर्चा में हैं, जो अगले महीने 28 अगस्त को सिनेमाघरों में आएगी। इसमें उनके बेटे करण देओल भी अहम किरदार में नजर आने वाले हैं। इस बीच, खबर है कि सनी अपने दूसरे बेटे राजवीर देओल को दोबारा सिनेमा की दुनिया में उतारने की तैयारी में हैं। इसके लिए वह 1985 में रिलीज हुई अपनी सुपरहिट फिल्म ‘अर्जुन’ का सहारा लेंगे, जिसमें राजवीर बतौर हीरो नजर आ सकते हैं। सनी अपनी फिल्म ‘अर्जुन’ का रीमेक बनाने जा रहे हैं, जिसमें उनके दूसरे बेटे राजवीर मुख्य भूमिका में होंगे। राहुल रवैल द्वारा निर्देशित ये एक सामाजिक-राजनीतिक एक्शन ड्रामा थी। उन्होंने बताया कि फिल्म के अधिकार करीम मोरानी और उनके साथी सुनील (बंटी) सूरमा के पास थे।

## टीवी मसाला



# ‘कौन बनेगा करोड़पति 18’ की डेट का ऐलान, अमिताभ ही संभालेंगे कमान

**मुंबई**। मेगास्टार अमिताभ बच्चन कौन बनेगा करोड़पति सीजन 18 के साथ छोटे पर्दे पर वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वह इस पॉपुलर क्विज शो के 18वें सीजन को होस्ट करते नजर आएंगे। नए सीजन में देश के अलग-अलग हिस्सों से आए कंटेस्टेंट्स का मशहूर ‘हॉट सीट’ पर स्वागत किया जाएगा। यह शो ग्रैंड प्राइज जीतने के मौके के लिए उनकी जानकारी और स्किल्स को परखेगा। सोनी टीवी ने सोशल मीडिया पर कई प्रोमो शेयर कर इसके नए फॉर्मेट के बारे में भी बताया है, जो बहुत ही खास होने वाला है। इस बार कंटेस्टेंट्स को सोचना पड़ेगा। ‘कौन बनेगा करोड़पति 18’ का प्रीमियर 10 अगस्त को होगा।

***कौन बनेगा करोड़पति 18 का नया फॉर्मेट :*** अमिताभ बच्चन इस शो के नए सजीन के साथ फिर से वापसी के लिए तैयार हैं। शो के मेकर्स ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पेज पर ‘कौन बनेगा करोड़पति 18’ के नए प्रोमो जारी किए हैं, जिनमें होस्ट अमिताभ बच्चन को रोजमर्रा की स्थितियों में दिखाया गया है। इन प्रोमो में बताया गया है कि आज जानकारी आसानी से मिल जाती है और टेक्नोलॉजी ने लोगों के सीखने का तरीका बदल दिया है, लेकिन सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि जानकारी का समझदारी से इस्तेमाल कैसे किया जाए। इसमें यह भी बताया गया है कि सोचना और सही फैसले लेना भी जरूरी है। ऐसे में कंटेस्टेंट्स को सिर्फ चीजें याद रखने के बजाय सोचने-समझने पर भी ध्यान देना होगा।

***केबीसी 18 नए ट्विस्ट के साथ 10 अगस्त से होगा शुरू :*** ‘कौन बनेगा करोड़पति 18’ का प्रीमियर 10 अगस्त 2026 को होगा। चैनल ने शो के कई प्रोमो शेयर किए हैं, जिससे पता चलता है कि इस बार इसमें नया ट्विस्ट आने वाला है। पहले प्रोमो में बिग बी कहते हैं, ‘इतिहास, खेल, विज्ञान इन सबका ज्ञान इस बार केबीसी में काफी नहीं होगा। क्योंकि अब खेल जो है वो बदल गया है। केवल उत्तर याद रखने से काम नहीं चलने वाला, सोचना पड़ेगा।’ दूसरे प्रोमो में दिग्गत अभिनेता कहते हैं, ‘देखिए आज एआई ने दुनिया को बदल दिया है। ये बदलाव जो है ना रुकने वाला नहीं है जो कल तक नामुमकिन लगता था, वो आज पल भर में मुमकिन होता है। इस बदलती हुई दुनिया में हम सबको भी बदलना पड़ेगा। इसलिए केबीसी में भी हमने कुछ बदलने का प्रयास किया है, अब उत्तर देने से पहले आपको सोचना पड़ेगा।’

### कौन बनेगा करोड़पति 18 का तीसरा प्रोमो

तीसरे प्रोमो में वह कहते हैं, ‘आज कल जवाब जो है वो हर जगह मिलने लग गया है। आपकी जेब मैं भी। नहीं समझे? अरे भाईसाहब आपके फोन पर। इसलिए इस बार केबीसी में हमने कुछ बदलने का प्रयास किया है, जवाब याद रखने से काम नहीं चलेगा, उसके लिए जवाब आपको सोचना पड़ेगा। जी हां, सोचना पड़ेगा।’

# जिस्सू ‘बहुरूपी’ में इंस्पेक्टर अयान बनकर मचाएंगे धमाल

*जिस्सू सेनगुप्ता एक बार फिर पर्दे पर लौटे हैं। इस बार वह ‘बहुरूपी’ के सीक्वल ‘बहुरूपी: द गोल्डन डाकू’ में इंस्पेक्टर अयान बनर्जी का किरदार निभा रहे हैं। निर्देशक नंदिता रॉय और शिबोप्रसाद मुखर्जी (‘पोस्टो’ और ‘बाबा बेबी ओ’ जैसी फिल्में बनाने वाले) के साथ जिस्सू दोबारा जुड़े हैं।*

**मुंबई**। रथ यात्रा के खास मौके पर फिल्म से जिस्सू का पहला लुक सामने आया। इस लुक में वह पुलिस की वर्दी, एविएटर चश्मा और मोटरसाइकिल पर सवार, एक सख्त और दमदार अवतार में दिखे। फैंस को उनके इस नए अंदाज की झलक मिल गई।

***शिबोप्रसाद ने फिल्म को रथ यात्रा से जोड़ा :*** इस लुक ने यकीनन फिल्म के एक दमदार और रोमांचक नए अध्याय की नींव रख दी है। निर्देशक शिबोप्रसाद ने बताया कि ‘रथ यात्रा के इस शुभ दिन पर भगवान जगन्नाथ को याद करते हुए, हमने अपने इस सफर की शुरुआत कर दी है।’ यह फिल्म इंस्पेक्टर बनर्जी के इर्द-गिर्द ढेर सारे एक्शन और ड्रामा से भरपूर होने का वादा करती है। इसकी रिलीज को लेकर दर्शकों में अभी से जबरदस्त उत्साह है।




# रणवीर ने छुपाया ‘प्रलय’ का लुक

## 300 करोड़ की फिल्म में मचाएंगे तहलका

**मुंबई**। रणवीर सिंह हंसल मेहता के ऑफिस के बाहर काले कपड़ों में ढके दिखाई दिए। उन्होंने अपने सिर पर कैप, मास्क और चश्मा लगा रखा था, ताकि कोई उनकी आने वाली फिल्म ‘प्रलय’ के नए लुक को देख न सके। पैपराजी के लिए रुककर पोज देने के बजाय, उन्होंने सवालों पर ध्यान नहीं दिया। जब किसी ने मजाक में पूछा, ‘बाबा नाराज हो क्या?’, तो बस मुस्कुराते हुए तेजी से वहां से निकल गए।

### रणवीर बनेंगे ‘प्रलय’ के सह-निर्माता

कहानी पर बनी एक पोस्ट-एपोकलिप्टिक थ्रिलर फिल्म है। इसका निर्देशन जय मेहता कर रहे हैं। इस फिल्म में रणवीर कल्याणी प्रियदर्शन के साथ मुख्य भूमिका में दिखेंगे। साथ ही, वे अपनी कंपनी ‘मां कसम फिल्म्स’ के बैनर तले फिल्म के सह-निर्माता भी हैं। 300 करोड़ रुपये के बड़े बजट वाली यह फिल्म रणवीर के करियर की अब तक की सबसे महंगी सोलो फिल्म होगी। फिल्म की शूटिंग अगस्त में शुरू होगी और सितंबर में ऑस्ट्रेलिया में इसके कई अहम हिस्सों की शूटिंग की जाएगी।



# गोविंदा की वापसी से पहले ओटीटी पर जरूर देखें उनकी सुपरहिट फिल्में...

*मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा ने बड़े पर्दे पर वापसी का ऐलान कर अपने प्रशंसकों को खुशखबरी दी है। उन्होंने पुष्टि की है कि वह जल्द ही फिल्म ‘रूपा’ में नजर आएंगे। उनकी वापसी को लेकर फैंस के बीच जबरदस्त उत्साह है। ऐसे में नई फिल्म के रिलीज होने से पहले आइए गोविंदा की उन शानदार फिल्मों पर नजर डालते हैं, जिनका आनंद आप विभिन्न ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर ले सकते हैं।*

### ‘हीरो नंबर 1’ और ‘कुली नंबर 1’

साल 1997 में आई डेविड धवन की कॉमेडी फिल्म ‘हीरो नंबर 1’ में गोविंदा के साथ करिश्मा कपूर, कादर खान और परेश रावल मुख्य भूमिका में थे। इस फिल्म को आप ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। कॉमेडी फिल्म ‘कुली नंबर 1’ में गोविंदा के साथ-साथ करिश्मा कपूर, कादर खान, हरीश कुमार और शक्ति कपूर ने काम किया था। इस फिल्म का भी आप प्राइम वीडियो पर लुफ्त उठा सकते हैं।



### ‘राजा बाबू’ और ‘दूल्हे राजा’


कॉमेडी-ड्रामा फिल्म ‘राजा बाबू’ में गोविंदा के साथ-साथ करिश्मा कपूर, शक्ति कपूर, कादर खान और अरुणा ईरानी अहम भूमिका में थे। इस फिल्म को लोगों ने खूब पसंद किया था। आप इस फिल्म को भी ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। हरमेश मल्होत्रा के निर्देशन में बनी कॉमेडी फिल्म ‘दूल्हे राजा’ में गोविंदा के साथ-साथ रवीना टंडन, कादर खान, जॉनी लीवर और प्रेम चोपड़ा साथ दिखाई दिए थे। इस फिल्म को आप यूट्यूब पर देख सकते हैं।

### ‘पार्टनर’

सन 2000 के दशक की गोविंदा की सबसे बड़ी हिट फिल्म ‘पार्टनर’ को डेविड धवन ने निर्देशित किया था। इसमें गोविंदा के साथ सलमान खान, कैटरीना कैफ और लारा दत्ता भी नजर आए थे। आप इस फिल्म को प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

# ‘जना नायकन’ ने मचाया तूफान की इतने करोड़ की बंपर बुकिंग

**मुंबई**। फिल्म प्रेमियों के लिए एक बड़ी खबर है। तमिलनाडु सरकार ने सुपरस्टार विजय की नई फिल्म ‘जना नायकन’ के टिकटों का अधिकतम मूल्य 190 रुपये तय कर दिया है। यह फैसला इसलिए लिया गया है ताकि निष्पक्षता बनी रहे और टिकटों की कालाबाजारी या मनमानी कीमत वसूली पर रोक लग सके। निर्देशक एच. विनोथ द्वारा निर्देशित यह फिल्म 23 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। राज्य में इसकी एडवांस बुकिंग 19 जुलाई से शुरू हो जाएगी।



### एडवांस बुकिंग दुनिया भर में 4 करोड़ पार

‘जना नायकन’ फिल्म रिलीज से पहले ही खूब चर्चा बटोर रही है। 16 जुलाई तक, इसकी एडवांस बुकिंग ने दुनिया भर में 4 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। रिलीज के दिन, दक्षिण भारत में सुबह 6 बजे से ही फिल्म के शो शुरू हो जाएंगे। वहीं, कर्नाटक के सिनेमाघरों में, जहां टिकटों की कीमतों पर कोई सरकारी पाबंदी नहीं है, वहां एक टिकट 800 से 1000 रुपये में बिक रहा है। उत्तर भारत में फिल्म की भारी मांग के कारण इसे लगभग 2000 सिनेमाघरों में दिखाया जाएगा। साथ ही मुंबई के मलाड और अंधेरी जैसे तमिल बहुल इलाकों में सुबह 4 बजे के विशेष शो भी रखे गए हैं।

## खबर संक्षेप



### आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता के विजेता हुए सम्मानित

**अम्बिकापुर।** राजमोहिनी भवन में युवा आयोग के अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर के मुख्य आतिथ्य एवं पार्षद दीपक यादव की अध्यक्षता में आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। श्री तोमर ने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में निरंतर मेहनत कर जिले एवं प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में विभिन्न वर्गों के खिलाड़ियों ने भागीदारी कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विजेता खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया। पार्षद दीपक यादव ने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के खेल होंगे तथा इससे बेहतर करने की कोशिश की जाएगी। आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता तीन श्रेणी में हुई तथा 106 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था जिसमें 75 किलो से 84 किलो वर्ग में कुंदन सिंह प्रथम, भमेश साहू द्वितीय एवं अब्दुल्लाह रहीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं 90 किलो से ऊपर के वर्ग में जितेंद्र कुमार साहू प्रथम, सेड्रिक मिंज द्वितीय तथा मो.कैफ तीसरा स्थान, 54 किलों वजन में प्रथम उमेश कुमार, द्वितीय पीयूष विश्वकर्मा तथा तृतीय करन देवांगन रहे। विजेता खिलाड़ियों को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

### कृति नारी साहित्य समिति ने की काव्य गोष्ठी



**अम्बिकापुर।** कृति नारी साहित्य समिति ने आशा उपाध्याय की अध्यक्षता में गोष्ठी की। गोष्ठी सरस्वती वंदना से प्रारंभ हुई। गोष्ठी में कांति पाण्डेय ने कहा कि आचरण ही व्यक्ति को समाज में स्थान दिलाता है, निर्भिक और कर्मठ व्यक्ति अपने आचरण से श्रेष्ठ बनता है। संध्या सिंह ने कहा कि आचरण आपके व्यक्तित्व का आइना है। गीता तिवारी ने कहा मन के विकारों को जीतकर ही उत्तम आचरण को पाया जा सकता है। अंजु पाण्डेय ने कविता कुल का नाम उठाए गिराए सिर्फ आपका आचरण, माधुरी जायसवाल ने आचरण पहला चरण है, सीखिए सिखलाइए, संतोषी चंदेल गुड़िया ने सीखकर जो आचरण हम आप होते है बड़े रूही गजाला ने अर्श से लाकर पटकता फर्श पर, निर्मला श्रीवास्तव ने धन, पद या जाति से नहीं आचरण की प्रस्तुति दी। सीमा तिवारी ने कहा हर बच्चे को नैतिक शिक्षा का प्रथम आचरण घर से मिलता है। उपमा पाण्डेय ने कहा आचरण की उत्तमता ही आपको गौरवान्वित करती है, चाहे आप जिस किसी भी वर्ग के हों। राजलक्ष्मी पाण्डेय ने कहा कि रूप,धन, ऐश्वर्य से नही, सादगी और विनम्रता के साथ सभी से निष्पक्ष सम्मान जनक व्यवहार ही आपको हर जगह श्रेष्ठता प्राप्त करवाता है। अंत में समिति की नव नियुक्त सचिव संध्या सिंह को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

### हाथियों ने ग्राम उरंगा के दो घरों में की तोड़फोड़, खा गए अनाज



**अम्बिकापुर।** दल से भटककर अलग घूम रहे दो हाथियों ने शुक्रवार की रात ग्राम उरंगा में जमकर उत्पात मचाया। हाथियों ने बस्ती में पहुंचकर दो घरों में तोड़फोड़ की तथा घर में रखे अनाज को चटकर दिए। वर्तमान में मैनपाट में 19 हाथी अलग-अलग दलों में भ्रमण कर रहे हैं तथा खरीफ फसलों को रौंदने के साथ ही ग्रामीणों के घरों में तोड़फोड़ कर रहे हैं। पूर्व से क्षेत्र में 12 हाथियों का दल मौजूद है जबकि दो हाथी लम्बे समय से विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर रहे हैं। पांच हाथियों का एक नया दल भी क्षेत्र में लगातार तबाही मचा रहा है। बीती रात दो हाथियों का दल ग्राम उरंगा पहुंच गया तथा दो घरों में तोड़फोड़ कर घर में रखा अनाज खा गए। काफी देर तक गांव की गलियों में घूमने के बाद हाथी पूरी रात खरीफ फसलों को रौंदते रहे। इस दौरान पीड़ित परिवार के सदस्यों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। दो हाथियों के कभी भी आबादी क्षेत्र में पहुंचने के कारण क्षेत्रवासी भय के साए में रातें गुजार रहे है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से कोटरा घायल

**अम्बिकापुर।** वन परिक्षेत्र मैनपाट अंतर्गत आमगांव मुख्य मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से एक कोटरा घायल हो गया। राहगीरों की नजर घायल कोटरे पर पड़ी तो वे तुरंत मौके पर पहुंचे और इसकी सूचना वन अमले को दी। मानवीय संवेदनशीलता दिखाते हुए राहगीरों ने घायल कोटरा को बाइक से कमलेश्वरपुर लाकर वनकर्मियों को सौंप दिया। प्रारंभिक जांच में उसकी कमर में गंभीर चोट पाई गई है जिसके कारण वह ठीक से चल नहीं पा रहा था। वनकर्मियों ने तत्काल उपचार शुरू कराया। विभाग के अनुसार कोटरा फिलहाल खतरे से बाहर है और कमलेश्वरपुर में उसका इलाज जारी है।

## महुआ शराब की गंध से बस्ती में पहुंचा हाथी

# रात में घर से बाहर निकले वृद्ध की दंतैल ने कुचल कर ली जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

राजपुर वन परिक्षेत्र में हाथियों के दल के आमद ने एक बार फिर ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। बीती रात दल से अलग हुए एक हाथी महुआ शराब की गंध से बस्ती में आ पहुंचा जिससे ग्रामीणों में अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। इसी बीच घर से निकले वृद्ध का हाथी से आमना सामना हो गया। हाथी ने वृद्ध को कुचल कर मार डाला। हैरानी की बात तो यह है कि जब हाथी ने वृद्ध पर हमला किया उस समय वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी सहित गांव के लोग मौजूद थे लेकिन हाथी को भगाने किसी ने हिम्मत नहीं की। गांव में हाथी की मौजूदगी के से गांव में दहशत का माहौल है वहीं वन विभाग टीम ने मृतक के परिजन को तत्काल सहायता राशि उपलब्ध कराई है।

**खास बात**

- वन अमले व ग्रामीण मौके पर रहे मौजूद, गांव में दहशत का माहौल

राजपुर वन परिक्षेत्र में पिछले 3-4 माह से चार सदस्यीय हाथियों का दल मौजूद है। कुछ दिनों से हाथियों का दल बरियों सर्किल अंतर्गत रेवतपुर बीट के कक्ष क्रमांक पी-2556 में विचरण कर रहा है। बीती रात हाथियों का दल क्षेत्र में विचरण कर रहा था। इसी दौरान दल से अलग हुआ एक हाथी न नवापारा बस्ती की ओर पहुंच गया। बताया जा रहा है कि हाथी महुआ शराब की गंध से आकर्षित होकर बस्ती की ओर आया था। बस्ती में हाथी के आ जाने से अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। हाथी महुआ की गंध से गांव के ही बालम टेकाम आ. स्व. परमेश्वर टेकाम (62 वर्ष) के घर के समीप पहुंच गया। इसी बीच घर से निकले बालम टेकाम का हाथी से आमना सामना हो गया। हाथी को देख बालम टेकाम भागने लगा तभी हाथी ने उसे सूंड से पकड़ पटक दिया और कुचल दिया जिससे बालक टेकाम की मौके पर ही मौत हो गइ। घटना के समय घर में मृतक की पत्नी, पुत्र और एक छोटी बच्ची मौजूद थे लेकिन सभी घर के अंदर होने तथा बाहर नहीं निकलने से सुरक्षित रहे। घटना के समय वन विभाग के उप वनमंडलाधिकारी रविशंकर श्रीवास्तव, वन परिक्षेत्र अधिकारी अजय वर्मा सहित वन विभाग की टीम व ग्रामीण मौके पर मौजूद थे। सुबह वन विभाग की टीम ने मृतक बालम साय टेकाम की पत्नी को तत्काल 25 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की। जबकि शेष 5.75 लाख रुपये का मुआवजा नियमानुसार प्रक्रिया पूरी होने के बाद दिया जाएगा।



घटना स्थल पर पड़ा शव एवं वन विभाग की टीम।

### एक घर को पहुंचाया नुकसान

दल से अलग हुआ हाथी रात लगभग 9.30 बजे रेतवपुर के नवापारा बस्ती में पहुंचा। बताया जा रहा है कि हाथी महुआ शराब की गंध से आकृर्षित होकर बस्ती में आ गया। गांव के वृद्ध पर हमला करने से पूर्व ही हाथी एक घर को नुकसान पहुंचाने के पश्चात घर में रखे महुआ को खा लिया था। बताया जा रहा है कि मृतक बालम टेकाम भी अपने घर में महुआ सूखा कर रखा था। संभवतः महुआ की गंध आने पर उसके घर के पास पहुंच गया।

### गांव में कराई जा रही मुनादी

वन विभाग की टीम ने बताया कि क्षेत्र में हाथियों की लगातार मौजूदगी को देखते हुए गजराज वाहन के माध्यम से गांव-गांव मुनादी कराई जा रही है। ग्रामीणों को जंगल की ओर पुट्ठ, खुखड़ी, लकड़ी या अन्य वनोपज संग्रह के लिए नहीं जाने की सलाह दी जा रही है। साथ ही हाथियों की गतिविधियों वाले क्षेत्रों से दूर रहने की हिदायत लगातार दी जा रही है।

### अखोरा जंगल में हाथी

चार सदस्यीय हाथियों का दल पिछले 3-4 माह से राजपुर वन परिक्षेत्र धंधापुर, रेवतपुर, ढुप्ती बरियों, अखोरा सहित आसपास के गांव में विचरण कर रहे है। शुक्रवार की रात चार सदस्यीय हाथियों का दल रेवतपुर क्षेत्र में विचरण कर रहे थे। इसी दौरान एक हाथी दल से अलग होकर रेवतपुर के नवापारा बस्ती में आ गया जहां एक वृद्ध को कुचल कर मारने तथा एक घर को नुकसान पहुंचाने के पश्चात अखोरा जंगल में चला गया वहीं दल के तीन हाथी अन्य क्षेत्र में विचरण कर रहे है।

### शराब के गंध से बस्ती तक पहुंचा हाथी

हाथी आम, कटहल और विशेष रूप से महुआ शराब की गंध से आकर्षित होकर बस्तियों तक पहुंच जाते हैं। दल से अलग हुआ हाथी भी संभवतः महुआ शराब की गंध से बस्ती तक पहुंच गया। ग्रामीणों को समझाइश दी जा रही है कि हाथी प्रभावित क्षेत्रों में महुआ शराब खुले में न रखें तथा हाथियों की सूचना मिलने पर किसी भी स्थिति में उनके पास जाने का प्रयास न करें। सतर्कता और विभागीय निर्देशों का पालन ही ऐसी घटनाओं से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है।

-रविशंकर श्रीवास्तव
उप वनमंडलाधिकारी



## देवनगर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बाल विवाह पर जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

कलेक्टर श्रीमती रेना जमील के निर्देश एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी शुभम बंसल के मार्गदर्शन में जिले के समस्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में बालिका शिक्षा, बाल विवाह की रोकथाम, बाल संरक्षण एवं अन्य सामाजिक विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, देवनगर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने सहभागिता निभाई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल ने कहा कि बाल विवाह केवल सामाजिक अभिशाप ही नहीं, बल्कि कानूनी दंडनीय अपराध भी है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम अंतर्गत बाल विवाह करने, कराने, सहयोग करने अथवा उसमें शामिल होने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए दो वर्ष तक के कारावास एवं एक लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है। उन्होंने अभिभावकों से बालिकाओं का विवाह 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने के पश्चात करने की बात कही। श्री जायसवाल ने लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यह कानून बच्चों को लैंगिक अपराधों से सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से बनाया गया है। किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, अनुचित स्पर्श, अश्लील इशारे, पीछा करना, अश्लील चित्र या वीडियो दिखाना अथवा रास्ता रोकने जैसी घटनाएं इस अधिनियम के अंतर्गत गंभीर एवं गैर-जमानती अपराध की श्रेणी में आती हैं।

उन्होंने बालिकाओं से कहा कि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना होने पर तत्काल अपने माता-पिता, शिक्षकों अथवा संबंधित अधिकारियों को इसकी जानकारी दें। इस अवसर पर सुश्री फरजाना अंसारी ने बालिकाओं को मासिक धर्म के दौरान व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने, आवश्यक सावधानियों का पालन करने तथा अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने संबंधी जानकारी दी। इस दौरान जनार्दन यादव, सलोनी खुजूर, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## ब्लूम स्कूल ओलंपियाड में न्यू एरा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन




**रामानुजगंज।** न्यू एरा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने ब्लूम स्कूल ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं राष्ट्रीय स्तर पर सफलता अर्जित की। विद्यालय के कई विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में सिल्वर एवं ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। राष्ट्रीय स्तर पर कक्षा 6 के छात्र शिवम ओझा, 9वीं एवं कक्षा 11 की छात्रा श्रेया राज ने 10वीं राष्ट्रीय रैंक प्राप्त कर नेशनल कंसोलेशन मेडल एवं प्रमाणपत्र अर्जित किया। इसके अतिरिक्त विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों ने भी स्कूल स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मेडल एवं प्रमाणपत्र प्राप्त किए। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य चंदन कुमार ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के निदेशक राकेश कुमार गुप्ता ने सभी विजेता विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय के गुणवत्तापूर्ण शिक्षण एवं सामूहिक प्रयास का परिणाम है। विद्यालय परिवार ने सभी विजेता विद्यार्थियों उनके अभिभावकों तथा शिक्षकों को इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उक्त जानकारी विद्यालय के अकादमिक कोऑर्डिनेटर अजय जारवाल द्वारा दी गई।

## शासकीय माध्यमिक शाला कन्या आश्रम में मनाया गया प्रवेश उत्सव

**प्रतापपुर।** शासकीय माध्यमिक शाला कन्या आश्रम खोरमा एवं माध्यमिक शाला कन्या आश्रम शांति नगर में संयुक्त रूप से संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मानती योगेंद्र सिंह रही। उन्होंने विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तक एवं विद्यालय गणवेश विपरीत कर नए शैक्षणिक सत्र की शुभकामनाएं दी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष मुकेश तायल ने विद्यार्थियों से कहा कि शिक्षा ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने अनुशासन का पालन करने तथा अपने माता-पिता शिक्षकों गांव और जिले का नाम रोशन करने का संदेश दिया। विशिष्ट अतिथि श्रीमती लक्ष्मी गुप्ता ने कहा कि आज का विद्यार्थी ही कल का जिम्मेदार नागरिक बनेगा खूब पढ़ो आगे बढ़ो और अपने सपनों को सरकार करो। मंडल अध्यक्ष मुकेश तायल एवं नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मानती योगेंद्र सिंह ने बच्चों से आत्मीय संवाद कर उनकी पढ़ाई विद्यालय की व्यवस्था एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती सीता बखला, श्रीमती नीलम श्रीवास्तव, विजेंद्र कश्यप, श्रीमती लक्ष्मी गुप्ता, रमेश. शरण सिंह उपस्थित रहे सभी उद्बोधन स्वरूप बच्चों को प्रेरणादायक उत्साहवर्धन किया। इस दौरान फूल जेंस किस्पोट्टा, विनय कुमार तिवारी, मोहम्मद नईम अंसारी, प्रधान पाठक श्रीमती साहेबानी कुजूर,नमिता खरे, अनिमा बखला, अर्चना शोभा मिंज, उपासना यादव, वंदना बेक, मंजू ममता तिर्की, नितेश श्रीवास, दिनेश कश्यप, छमिया केरकेट्टा, रेनू तिवारी, सरिता टोप्पो, प्रेम शंकर सांवले, एंजेल केरकेट्टा, राजेंद्र प्रसाद यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।



### नवप्रवेशी छात्राओं को वितरित की गई निःशुल्क पुस्तकें

**दरिमा।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अगस्तु मिंज के मुख्य आतिथ्य में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी छात्राओं को चंदन तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर शाला प्रवेश कराया गया। श्री मिंज ने छात्राओं से मन लगाकर पढ़ाई करने एवं नियमित विद्यालय आने का आह्वान किया। अतिथियों ने नवप्रवेशी छात्राओं को निःशुल्क पुस्तक वितरित की। इको क्लब की छात्राओं ने स्वच्छ विद्यालय उज्जवल भविष्य पर चित्रों को प्रस्तुत किया जिसकी जमकर सराहना की गई। कार्यक्रम में सरपंच श्रीमती सुशीला यादव, वायु श्री सिंह, प्राचार्य श्रीमती मालती शाक्य, श्रीमती ज्योति यादव, श्रीमती विभा चौबे सहित शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित थे।



### प्रवेश उत्सव में बच्चों को दी गई निःशुल्क पुस्तकें

**लखनपुर।** संकुल केंद्र अमेरा में जनपद सदस्य मोहरलाल राजवाड़े, सरपंच सियाम्बर सिंह, उप सरपंच जगरनाथ सिंह एवं घोलडू राम के आतिथ्य में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर एवं मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया गया तथा पाठ्यपुस्तकें वितरित की गई। अतिथियों ने अभिभावकों को अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया तथा कहा कि बच्चे नियमित विद्यालय आए तो कठिन से कठिन लक्ष्य आसानी से हासिल कर सकते हैं। इस दौरान बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य इलियास खलखो, संकुल समन्वयक संकेत गिरी, चंदन राम, अनुप टोप्पो, श्रीमती रश्मी तिगा, सुषमा प्रजापति सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में स्कूल शिक्षा विभाग की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक

**कुसमी।** जनपद पंचायत कुसमी के सभागार कक्ष में कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी की अध्यक्षता में स्कूल शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण बिंदुओं पर एक विशेष उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में कलेक्टर ने स्कूल शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। सभी विद्यालयों में शिक्षकों एवं कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति और समय पर शाला पहुंचने की कड़ी समीक्षा की गई। साथ ही वीएसके एप के माध्यम से सभी शिक्षकों और कर्मचारियों की ऑनलाइन उपस्थिति अनिवार्य रूप से दर्ज की जाए। शालाओं में विद्यार्थियों की दैनिक उपस्थिति बढ़ाने के प्रयासों की समीक्षा की गई। जो विद्यार्थी लगातार अनुपस्थित हैं, उनके लिए शिक्षकों को नियमित फॉलोअप लेने को कहा गया। साथ ही शाला त्यागी बच्चों की पहचान कर उनका पुनः नामांकन कराने और शाला प्रवेश उत्सव के माध्यम से नवीन प्रवेशों की संख्या में वृद्धि करने की समीक्षा की गई। सत्र के दौरान विद्यालयों में बेहतर शैक्षणिक गुणवत्ता सुनिश्चित करने, नियमित अध्यापन कार्य संचालित करने, समय सीमा में पाठ्यक्रम पूरा करने तथा विद्यार्थियों के साप्ताहिक व मासिक मूल्यांकन को गंभीरता से आयोजित करने के निर्देश दिए गए। छात्र-छात्राओं के जाति प्रमाण पत्र तैयार करने की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी लंबित प्रकरणों को शीघ्रता से निराकृत करने के निर्देश प्राचार्यों को दिए। सभी विद्यालयों में स्वच्छता, स्वच्छ पेयजल और क्रियाशील शौचालयों की स्थिति की समीक्षा की गई। इसके अलावा विद्यालयों के संचालन की समयावधि और छुट्टी के वक्त छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मध्यान्ह भोजन के सुचारू संचालन, निर्धारित मीनू के अनुरूप भोजन की गुणवत्ता बनाए रखने की कड़ाई से जांच की गई। शत-प्रतिशत शालाओं में न्योता भोजन की नियमित वृद्धि करने तथा स्कूलों में 'किचन गार्डन विकसित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए।




## 8 वर्ष बाद जयनगर कोयला साइडिंग में लौटी रौनक

हरिभूमि न्यूज : बिश्रामपुर

करीब 8 वर्षों से बंद पड़ी एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की जयनगर कोयला साइडिंग एक बार फिर गुलजार हो गई है। साइडिंग के पुनर्निर्माण का कार्य पूरा होने के बाद अब एक-दो दिनों में रेलवे रैक उपलब्ध होते ही यहां से कोयले का डिस्पैच शुरू होने की संभावना है। वर्तमान में साइडिंग में लगभग छह हजार टन कोयले का स्टॉक तैयार कर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार, पहले बिश्रामपुर क्षेत्र में जयनगर और कुमदा दो प्रमुख कोल साइडिंग संचालित होती थीं। क्षेत्र में कोयला उत्पादन घटने के बाद रेलवे रैक से कोयला भेजने का कार्य बंद कर दिया गया था। इसके बाद लंबे समय तक उपेक्षा के कारण जयनगर साइडिंग पूरी तरह वीरान हो गई। इस दौरान कबाड़ चोरों ने ओएचई तार, सीएचपी के तांबे और लोहे सहित करोड़ों रुपये की सामग्री चोरी कर ली, जिससे साइडिंग पूरी तरह निष्क्रिय हो गई। सूत्रों के अनुसार, इस बीच भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ने खाद्यान्न परिवहन के लिए साइडिंग के उपयोग का प्रस्ताव भी दिया था, लेकिन उस पर कोई निर्णय नहीं लिया गया। परिणामस्वरूप साइडिंग लगातार जर्जर होती चली गई।



### 41 करोड़ रुपए से हुआ पुनर्निर्माण

क्षेत्र की अमेरा, आमगांव, गायत्री और केतकी खदानों से कोयला उत्पादन बढ़ने के बाद एसईसीएल ने जयनगर साइडिंग के पुनर्निर्माण के लिए करीब 41 करोड़ रुपये स्वीकृत किए। निर्माण एजेंसी राइट्स को कार्य की जिम्मेदारी सौंपी गई। पुनर्निर्माण के बाद हाल ही में रेलवे अधिकारियों ने नई रेल लाइन का निरीक्षण किया, जिसमें सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। इसके बाद साइडिंग में विभिन्न खदानों से कोयले की डंपिंग शुरू करा दी गई है। रेलवे से रैक की मांग भेज दी गई है और रैक मिलते ही कोयला डिस्पैच शुरू हो जाएगा।

### रोड सेल को लेकर उठते रहे सवाल

कॉलरी सूत्रों का दावा है कि वर्षों तक रेलवे रैक से कोयला डिस्पैच बंद रहने के पीछे रोड सेल व्यवस्था को प्राथमिकता दिए जाने की भी चर्चा रही। । सूत्रों का कहना है कि सड़क मार्ग से कोयला परिवहन में अधिक संख्या में ट्रकों के संचालन के कारण अनियमितताओं और अवैध कमाई की आशंकाएं समय-समय पर उठती रही हैं। जयनगर साइडिंग के पुनः चालू होने के बाद एसईसीएल प्रबंधन द्वारा बंद पड़ी कुमदा साइडिंग के भी नवीनीकरण की दिशा में प्रस्ताव मंगाए जाने की जानकारी सामने आई है।









## खबर संक्षेप

### भाजपा नेत्री देवकुमारी को प्रदेश में मिली नई जिम्मेदारी



**कोसीर।** भाजपा नेत्री देव कुमारी लहरे को भाजपा प्रदेश मे पंचायत प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्य समिति सदस्य की नई जिम्मेदारी दी गई। इसे लेकर पूरे कोसीर भाजपा मंडल सहित क्षेत्रवासियों में भारी खुशी है। अपने नेत्री की इस नई जिम्मेदारी से खुशी जाहिर की है। देवकूमारी लहरे ने भाजपा सरकार की प्रशंसा करते हुए प्रदेश में नई जिम्मेदारी के लिए धन्यवाद प्रेषित की है।

### दो बार नाबालिग को भगाया, आरोपी गिरफ्तार



**रायगढ़।** जूटमिल पुलिस ने 15 वर्षीय नाबालिग बालिका को 2 बार बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। आरोपी के खिलाफ अपहरण, दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। मिली जानकारी के अनुसार 3 जुलाई को बालिका के परिजनों ने जूटमिल थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी 15 वर्षीय पुत्री बीते 30 जून से बिना बताए घर से लापता है। शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2) के तहत मामला दर्ज कर बालिका की तलाश शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि बालिका अनुज स्वर्णकार 18 वर्ष के घर पर है। 11 जुलाई को पुलिस ने दबिश देकर बालिका को सकुशल बरामद कर लिया, जबकि आरोपी मौके से फरार हो गया। बालिका के बयान, काउंसलिंग और मेडिकल जांच के आधार पर मामले में दुष्कर्म एवं पॉक्सो एक्ट की धाराएं भी जोड़ दी गईं और आरोपी की तलाश तेज कर दी गई। इसी बीच 13 जुलाई को बालिका फिर से लापता हो गई। परिजनों की दूसरी शिकायत पर जूटमिल थाने में एक और अपहरण का मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने लगातार तलाश के बाद 15 जुलाई को केवड़ाबाड़ी स्थित निकले महादेव मंदिर के पास से आरोपी अनुज स्वर्णकार के साथ बालिका को सकुशल बरामद कर लिया। पूछताछ में बालिका ने बताया कि वह आरोपी के साथ ट्रेन से बिलासपुर गई थी, जहां दोनों एक दिन रेलवे स्टेशन पर रुके और अगले दिन वापस रायगढ़ लौट आए।

### सुरक्षा व गुड टच बैड टच पर जागरूकता अभियान



**चंद्रपुर।** सरस्वती अंग्रेजी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, चंद्रपुर में थाना चंद्रपुर पुलिस द्वारा विद्यार्थियों के लिए साइबर क्राइम एवं बाल सुरक्षा विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों से बचाव के साथ-साथ व्यक्तिगत सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के विभिन्न स्वरूपों, फर्जी कॉल, ऑनलाइन ठगी, ओटीपी एवं बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी साझा न करनेए सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग तथा साइबर अपराध होने पर तत्काल शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि थोड़ी.सी सतर्कता से अधिकांश साइबर अपराधों से बचा जा सकता है। इसके अलावा विद्यार्थियों को गुड टच एवं बैड टच की महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई।

### महिला आईटीआई में प्रवेश के लिए आवेदन

**रायगढ़।** शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रायगढ़ छत्तीसगढ़ में प्रशिक्षण सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न व्यवसायों में प्रवेश हेतु द्वितीय चरण की ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। संस्था में स्टेनोग्राफी हिन्दी, कोपा, फैशन डिजाइन एंड टेक्नोलॉजी, ड्रेस मेकिंग, कॉस्मेटोलॉजी, आईसीटीएसएम तथा सरफेस ऑर्नामेंटेशन टेक्नीक्स एम्ब्रॉयडरी व्यवसायों में प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यर्थी 24 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# पुसौर ने स्वास्थ्य सेवाओं में बनाई पहचान, प्रदेश में 97 प्रतिशत अंक के साथ हासिल किया पहला स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ जिले की स्वास्थ्य सेवाओं ने राष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान बनाई है। जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लैलूंगा, पुसौर, घरघोड़ा और चपले को प्रतिष्ठित राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक एनक्यूएएस प्रमाणन प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही गुणवत्तापूर्ण उपचार सेवाओं, सुरक्षित प्रसव, आधुनिक जांच सुविधाओं, संक्रमण नियंत्रण तथा बेहतर स्वास्थ्य




प्रबंधन का परिणाम है। जिले के लिए सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुसौर ने एनक्यूएएस मूल्यांकन में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में प्रथम स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि जिले के स्वास्थ्य तंत्र की मजबूती और स्वास्थ्य कर्मियों के समर्पण को दर्शाती है। इस सफलता के पीछे डॉक्टरों, स्टाफ नर्सों, पैरामेडिकल कर्मचारियों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं तथा प्रशासनिक अधिकारियों की निरंतर मेहनत और समर्पण का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

### यह रहता है मापदंड

एनक्यूएएस मूल्यांकन के दौरान स्वास्थ्य केंद्रों को मरीजों की देखभाल, दवाइयों की उपलब्धता, स्वच्छता व्यवस्था, संक्रमण नियंत्रण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, आपातकालीन उपचार, प्रयोगशाला सेवाएं, रिकॉर्ड प्रबंधन तथा मरीजों की संतुष्टि जैसे अनेक मानकों पर परखा गया। लैलूंगा, पुसौर, घरघोड़ा और चपले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों ने इन सभी मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर की गुणवत्ता सुनिश्चित की। इन स्वास्थ्य केंद्रों में सुरक्षित प्रसव सेवाओं, नवजात शिशु देखभाल, आधुनिक जांच सुविधाओं तथा संक्रमण नियंत्रण के लिए अपनाई गई व्यवस्थाओं को विशेष सराहना मिली।

## वाणिज्य और उद्योग विभाग में संचालक मंडल परिवर्तन की नहीं है कोई जानकारी

# फिर सुर्खियों में आया जूटमिल, राजस्व जमीन को लेकर विधानसभा में उठा मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

एक बार फिर जूटमिल सुर्खियों में आ गया है। कारण इसके संचालक मंडल में बदलाव और व्यावसायिक प्रयोजन को लेकर विधानसभा में सवाल उठाया गया है। खास बात यह है कि इस मामले की कोई जानकारी वाणिज्य और उद्योग विभाग में नहीं है। दूसरी ओर व्यावसायिक परियोजन के लिए निगम और नगर तथा ग्राम निवेश ने भी किसी तरह की कोई अनुमति नहीं दी है। ऐसे में जूटमिल का मामला अभी अधर में ही अटकने की बात कही जा रही है।

**खास बात**

- व्यावसायिक परियोजन के लिए निगम और नगर तथा ग्राम निवेश ने भी नहीं दी है कोई अनुमति




जूटमिल को लेकर शहर में कई तरह की चर्चा हो रही है। कोई कह रहा है कॉलोनी बनेगा तो कोई कह रहा है व्यावसायिक कॉम्पलेक्स बनेगा। अब वहां क्या बनेगा यह अभी सरकारी हिसाब से तो कुछ जानकारी ही नहीं है। यह हम नहीं बल्कि रायपुर विधायक पुरंदर मिश्रा द्वारा जूटमिल को लेकर विधानसभा में उठाए गए सवाल का जो जवाब आया है उसमें इसका कोई जिक्र ही नहीं है। इसके संचालक मंडल में परिवर्तन को लेकर सवाल पूछा गया था। उद्योग मंत्री द्वारा जो जानकारी दी गई उसमें परिवर्तन संबंधी कोई जानकारी वाणिज्य एवं उद्योग विभाग में उपलब्ध नहीं होने की बात कही गई है। जूटमिल रायगढ़ का एक ऐतिहासिक मिल था। बंद होने के बाद इस जमीन की खरीदी-बिक्री को लेकर चर्चा शुरु हो गई थी। इसी बीच इसके पहले मालिक कोलकाता निवासी ने मोहन जूटमिल को बिक्री कर दिया। इस जमीन को रायगढ़ प्रोजेक्टस लिमिटेड ने खरीद लिया है। इसी संचालक मंडल को लेकर सवाल पूछा गया था, लेकिन इसकी कोई जानकारी वाणिज्य एवं उद्योग विभाग में नहीं होंने की जानकारी दी गई।

### श्रमिकों का स्वास्थ्य सेवा अंशदान बकाया

पूर्व नाम मोहन जूटमिल में काम करने वाले श्रमिकों के स्वास्थ्य सेवा अंशदान की राशि 10 करोड़ 42 लाख 48 हजार 27 रुपए बकाया था। कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा बीते 27 जनवरी को इसकी वसूली के लिए नोटिस जारी किया था। साथ ही 25 अक्टूबर 2025 से हर दिन करीब 9 हजार 801.46 पैसे की ब्याज दर की वसूली बाकी होने का हवाला दिया गया था। हालांकि नोटिस मिलने के बाद इसके खिलाफ नियोक्ता रायगढ़ प्रोजेक्ट्स ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर दिया था। इसकी सुनवाई अभी चल रही है। सुनवाई पूरी होने के बाद इसका समाधान होने की बात कही जा रही है।

### जूटमिल में कोई सरकारी भूमि और तालाब नहीं

पूर्व नाम मोहन जूटमिल परिसर में किसी तरह का कोई सरकारी जमीन नहीं है। सात एकड़ का कोई सरकारी तालाब भी नहीं होने की जानकारी दी गई है। खास बात यह है कि नगर निगम और नगर तथा ग्राम निवेश की ओर से जूटमिल की जमीन पर किसी तरह के कॉलोनी या व्यावसायिक प्रयोजन के लिए किसी सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनापत्ति या अनुज्ञा प्रदान नहीं की गई है। इस जवाब के बाद अभी तक जूटमिल की जमीन का किस तरह उपयोग होगा यह कह पाना मुश्किल है।

### एसडीओपी ने विद्यार्थियों को दिया अनुशासन और सफलता का मंत्र



**रायगढ।** खरसिया स्थित एक प्राइवेट स्कूल में आयोजित इंटर-स्कूल क्विज़ प्रतियोगिता में एसडीओपी प्रभात कुमार पटेल शामिल हुए। प्रतियोगिता में क्षेत्र के पाँच विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने सामान्य ज्ञान, तार्किक क्षमता और बौद्धिक कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अपने संबोधन में एसडीओपी प्रभात कुमार पटेल ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के सामान्य ज्ञान, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व विकास को नई दिशा देती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन नियमित रूप से होने चाहिए, ताकि छात्रों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित हो और उनके बौद्धिक विकास को निरंतर बढ़ावा मिले। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन को छात्र जीवन की सबसे बड़ी पूंजी बताते हुए शिक्षा के प्रति समर्पित रहने, लक्ष्य तय करने और निरंतर मेहनत करने का आह्वान किया।

# 13 साल से दबाकर रखा था रंजिश, मौका मिलते ही बुजुर्ग दंपती की कर दी हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम क्रोंधा देवमारीडांड में बीते दिनों हुए डबल मर्डर की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। 13 साल से अपने सीने में रंजिश रखे दो भाईयों ने 65 वर्षीय मंगल राठिया और उनकी 55 वर्षीय पत्नी पुनाई बाई राठिया को मौका मिलते ही मौत की नींद सुला दी। दोनों की कुल्हाडी से बेरहमी से हत्या कर दी और वारदात के बाद दोनों के शवों और घर में आग लगाकर हत्या को दुर्घटना का रूप देने की कोशिश की गई। पुलिस ने मामले में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

आरोपियों ने बताया कि वर्ष 2013 में उन्होंने जिस जमीन को खरीदा था, वह बाद में अधिक कीमत मिलने पर मूल विक्रेता ने मंगल राठिया को बेच दी थी। पैसे वापस मिलने के बावजूद दोनों भाई इस बात से नाराज थे कि मृतक उसी जमीन पर मकान बनाकर खेती कर रहा था। इसी रंजिश में दोनों ने 14 जुलाई की रात टांगी लेकर मृतक के घर पहुंचे। दरवाजा खुलते ही मंगल राठिया पर ताबड़तोड़ वार कर उसकी हत्या कर दी। शोर सुनकर बाहर आई पुनाई बाई को भी टांगी से मार डाला। इसके बाद दोनों शवों पर कपड़े, सोफा कवर और अन्य सामान डालकर आग लगा दी तथा घर के दो कमरों में भी आग लगाकर साक्ष्य मिटाने का प्रयास किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त कुल्हाडी और वारदात के समय पहने गए कपड़े भी बरामद कर लिए हैं।



### रुबी ने दिखाया रास्ता, कुल्हाड़ी बना सबूत

धरमजयगढ़ पुलिस ने एफएसएल टीम, डॉग स्क्वॉड और वैज्ञानिक साक्ष्यों की मदद से अंधे हत्या का खुलासा किया। 15 जुलाई को दंपति के जले हुए शव उनके घर के अंदर मिलने के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या और साक्ष्य मिटाने का मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान घटनास्थल पर मिली हत्या में प्रयुक्त कुल्हाडी की गंध की पहचान करते हुए पुलिस डॉग रूबी सीधे श्याम लाल राठिया तक पहुंची। वहीं एफएसएल रिपोर्ट, गवाहों के बयान, ह्यूमन इंटेलिजेंस और वैज्ञानिक पूछताछ में यह सामने आया कि मृतक और आरोपियों के परिवार के बीच लंबे समय से भूमि विवाद चल रहा था। इसके बाद पुलिस ने श्याम लाल राठिया और उसके भाई जीवन लाल राठिया से अलग-अलग पूछताछ की, जिसमें दोनों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया।

### स्थानीय युवाओं के लिए खुलेंगे रोजगार के नए द्वार

**रायगढ़।** जिले के युवाओं को रोजगारपरक कौशल उपलब्ध कराकर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रशासन ने एक अभिनव पहल की है। जिले के प्रमुख खदान संचालकों एवं औद्योगिक संस्थानों का शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों आईटीआई के साथ समन्वय स्थापित किया गया है। इस पहल के माध्यम से स्थानीय युवाओं के लिए उद्योगों की आवश्यकता के अनुरूप विभिन्न रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम संचालित किए जाएंगे, जिससे प्रशिक्षण के साथ रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। इस पहल का उद्देश्य उद्योगों की मांग के अनुरूप कुशल मानव संसाधन तैयार करना, स्थानीय युवाओं को आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण उपलब्ध कराना तथा उन्हें स्वरोजगार एवं रोजगार के लिए सक्षम बनाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रमों के संचालन में विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानए शासकीय आईटीआई तथा विशेषज्ञ प्रशिक्षण संस्थान मिलकर कार्य करेंगे। इस पहल के अंतर्गत एसईसीएल रायगढ़ क्षेत्र, एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड तलईपल्ली, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड, मेसर्स जिंदल पावर लिमिटेड गारे पेलमा, मेसर्स जिंदल स्टील लिमिटेड गारे पेलमा तथा एनटीपीसी लारा जैसे प्रमुख औद्योगिक संस्थानों ने जिले के विभिन्न शासकीय आईटीआई से समन्वय स्थापित किया है।

# रात होते ही बस्तियों में घुस रहे हाथी, फसल-मकानों पर कहर

**रायगढ़।** धरमजयगढ़ वन मंडल में हाथियों की बढ़ती गतिविधियों ने एक बार फिर ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात अलग-अलग वन परिक्षेत्रों से निकलकर हाथियों के झुंड बस्तियों तक पहुंच गए, जहां उन्होंने धान की फसल, कच्चे मकानों और अन्य संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया। घटना के बाद वन विभाग की टीम प्रभावित गांवों में पहुंचकर नुकसान का आकलन करने में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार धरमजयगढ़ रेंज के गेरसा-सागरपुर क्षेत्र में करीब 18 हाथियों का झुंड देर रात गांव के समीप पहुंच गया। हाथियों ने कई किसानों के धान के खेतों को रौंद दिया और खेतों में लगी पंप पाइपलाइन भी तोड़ दी। हाथियों को गांव के पास देख ग्रामीणों ने शोर मचाकर उन्हें जंगल की ओर खदेड़ने का प्रयास किया, लेकिन काफी देर तक झुंड गांव के आसपास ही डटा रहा। इसी क्षेत्र में एक अन्य हाथी ने बारिश राम की फसल को नुकसान पहुंचाया, जबकि नरकालो गांव में भी दो किसानों के धान के खेत हाथियों की चपेट में आ गए। उधर कापू रेंज के सोनाजोरी गांव में



एक हाथी ने कच्चे मकान को क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके अलावा साइकिल, बाउंड्रीवाल और घर में रखे धान को भी नुकसान पहुंचाया। वन विभाग के अनुसार धरमजयगढ़ वन मंडल में इस समय कुल 106 हाथियों की मौजूदगी दर्ज की गई है। इनमें 36 नर, 47 मादा और 23 शावक शामिल हैं। सबसे बड़ा झुंड धरमजयगढ़ रेंज के गेरसा क्षेत्र में 18 हाथियों का है, जबकि बोरो रेंज के खम्हार उत्तर और कापू रेंज के कमरई बीट में 16-16 हाथियों के दल विचरण कर रहे हैं। इसके अलावा छाल, धरमजयगढ़, कापू, बोरो और बाकारूमा रेंज के विभिन्न बीटों में भी एक से दो हाथियों की गतिविधियां लगातार बनी हुई हैं। वन विभाग ने हाथियों की सक्रियता को देखते हुए ग्रामीणों से रात के समय सतर्क रहने, अकेले जंगल या खेतों की ओर नहीं जाने तथा हाथियों की सूचना तत्काल वन अमले को देने की अपील की है। प्रभावित ग्रामीणों को नियमानुसार मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

## जय जगन्नाथ के जयघोष से गूंज उठा घरघोड़ा

# 100 साल पुराने श्री जगन्नाथ मंदिर से निकली भव्य रथ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

नगर में शुक्रवार को भगवान जगन्नाथ बड़े भाई बलभद्र एवं बहन माता सुभद्रा की पावन रथ यात्रा बड़े ही धूमधाम श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ निकाली गई। जगन्नाथ मंदिर घरघोड़ा से दोपहर 3 बजे भगवान की भव्य रथ यात्रा प्रारंभ हुई। रथ यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिला और पूरा नगर जय जगन्नाथ के जयघोष से गूंज उठा।

इस वर्ष की रथ यात्रा का महत्व और भी विशेष रहा। श्री जगन्नाथ मंदिरए घरघोड़ा का निर्माण वर्ष 1926 में हुआ था और वर्ष 2026 में मंदिर ने अपनी गौरवशाली 100 वर्ष की ऐतिहासिक यात्रा पूर्ण की है। एक शताब्दी से यह मंदिर घरघोड़ा सहित पूरे क्षेत्र की आस्थाए श्रद्धा और सनातन परंपरा का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। रथ यात्रा के आगे कीर्तन पार्टी नाचते गाते हुए भजनों की प्रस्तुति दे रही थी। ढोल मंजीरे और भक्ति गीतों की धुन पर कीर्तन पार्टी के सदस्य झूमते हुए चल रहे थे। भजनों और जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कीर्तन पार्टी के साथ श्रद्धालु भी भक्ति में लीन होकर नाचते गाते नजर आए। जगन्नाथ मंदिर से प्रारंभ हुई रथ यात्रा हनुमान चौक होते हुए स्टेट बैंक मार्ग से जय स्तंभ चौक पहुंची। इस दौरान जगह जगह श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं माता सुभद्रा का स्वागत किया और पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रद्धालुओं में भगवान का रथ खींचने को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला।



### भगवान पहुंचे अपनी मौसी के घर

रथ यात्रा के पश्चात भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र एवं माता सुभद्रा अपने मौसी के घर पहुंचे। विगत कई वर्षों से भगवान का मौसी घर स्वर्गीय लोचन गुप्ता जनरल स्टोर के संचालक बैजनाथ गुप्ता के निवास पर बनाया जाता है। यहां भगवान के पहुंचते ही श्रद्धालुओं ने पूजा.अर्चना कर दर्शन किए और क्षेत्र की सुख.समृद्धि की कामना की।

### महापल्ली में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई श्री जगन्नाथ रथयात्रा



**महापल्ली।** रायगढ़ पूर्वी अंचल के सुसंस्कृत ग्राम महापल्ली में श्री जगन्नाथ की मंदिर निर्माण के बाद से आषाढ़ शुक्ल पक्ष द्वितीया तिथि को हर वर्ष भगवान जगन्नाथ बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की रथयात्रा बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। इसी कड़ी में आज रथ द्वितीया तिथि पर तीनों विग्रहों को श्री मंदिर से जातरा मंडली महापल्ली द्वारा भव्य गायन वादन के साथ रथारूढ़ किया गया। भद्रकाली दरबार के पूजक अक्षय कुमार गुप्ता द्वारा तीनों विग्रहों को वस्त्राभूषण से सजाया गया। भक्त जनों द्वारा पुष्प वर्षा तथा जय जगन्नाथ के गगन भेदी नारे और महिलाओं द्वारा देव ध्वनि हुलहुली के साथ प्रभु जगन्नाथ का स्वागत किया गया। इस अवसर पर छेरा पहरा ग्राम गौंटिया प्रमोद कुमार गुप्ता द्वारा विधिवत संपादित किया गया।

### कोसीर क्षेत्र के 21 गावों के हैंडपंप में डाला गया क्लोरिन

**कोसीर।** बारिश शुरू होते ही कई प्रकार के जल जनित बीमारी लोगों को होने लगती है। बारिश में कीटाणु पानी में उत्पन्न हो जाती है जो पीने वाले पानी को प्रदूषित कर लोगों के जनजीवन को प्रभावित करती है जिसके फलस्वरूप गांव-गांव मे डायरिया जैसी शिकायत देखने को मिलती है। जिसे ध्यान मे रखकर पीएचई द्वारा कोसीर बड़े 21 गांव के हैंडपंप और व पावरपंपों में कीटाणु नाशक दवाई क्लोरिन डाला गया।